तेरी महिमा बाबा अपरम्पार

हनुमत तेरी शान निराली,
लंबी लगी है कतार,
जय हो तेरी मेरे बाबा,
बालाजी सरकार.......

तेरी जय हो जय हो पवनकुमार,
तेरी महिमा बाबा अपरंपार.....

रामदूत तुम हो बलशाली,पवनपुत्र की शान निराली,
बालाजी सरकार.......

संकट मोचन नाम तुम्हारा, बाल रूप अति सुंदर प्यारा,
मां अंजनी के लाल.......

सालासर में धाम है तेरा,लगता है भगतों का डेरा,
सुनता सबकी पुकार.......

रामदूत तुम हो बलशाली, तेरी कृपा बड़ी है निराली,
नम्रता करे पुकार.......

तेरी जय हो जय हो पवनकुमार,
तेरी जय हो जय हो पवनकुमार.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31371/title/teri-mahima-baba-aprampar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |